कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश
कक्ष-स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.

E-mail—pccfwl@mp.gov.in

09 वर्षो से फरार एवं वारंटी आरोपी वन्यजीव तस्कर को ग्वालियर से सीबीआई ने एसटीएसएफ के सहयोग से पकड़ा।

प्रेस विज्ञप्ती (**15/26** दिनांक **11.03.2026)**

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश के द्वारा चंबल नदी में पाये जाने वाले अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के वन्यप्राणी टर्टल्स, रेड क्राउन रूफ टर्टल की तस्करी विदेशों में बड़े पैमाने में किये जाने वाले गिरोह का पर्दाफास कर वन अपराध प्रकरण क्र. 28060/02 दिनांक 05.05.2017 दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में कुल 16 आरोपियों को देश के 04 राज्य से गिरफ्तार किये गये थे जिसमें 11 विदेशी नागरिक को आरोपी बनाया गया था जो कि 05 विभिन्न देशों के निवासी है। उनकी गिरफ्तारी हेतु उक्त प्रकरण को सीबीआई को हस्तांतरित किया गया। सीबीआई के द्वारा उक्त प्रकरण में कार्यवाही करते हुये 03 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दिनांक 10.03.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश की शिवपुरी इकाई एवं केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों (सीबीआई) द्वारा उक्त प्रकरण में 09 वर्षो से फरार एवं स्थाई वारंटी आरोपी मिश्रीलाल माहौर पिता ख्याली राम माहौर निवासी गोहद जिला भिन्ड म.प्र.को ग्वालियर की परमासीस ईस्ट स्टेट कालोनी के पास से छेराबंदी कर संयुक्त कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपी को दिनांक 11.03.2026 को माननीय न्यायालय भोपाल में सीबीआई द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

अधिकृत अधिकारी
कार्या0 प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
(कक्ष- एसटीएसएफ)
मध्यप्रदेश, भोपाल